# SEVEN SQUARE ACADEMY

*Academic Year – 2020-2021*

*Secondary Section (Pre-board)*

**Name:** ____________ **Subject: Hindi** **Date: 01/03/2021**

**Class: X** **Time: 3:00 Hours** **Marks: 80 Marks**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए:

- इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'
- खंड 'अ' में कुल 9 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिये गये हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के ही उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ 12 एवं 15 प्रश्न हैं।

**खंड–अ (वस्तुपरक प्रश्न )**

अपठित गद्यांश

1. नीचे दो गद्यांश दिए गए है| किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5x1= 5

गद्यांश- 1

यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखे कि आप **प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश-1** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।

जिस योग्यता, प्रवृति अथवा प्रेरणा के बल पर आग का व सुई-धागे का आविष्कार हुआ, वह है व्यक्ति विशेष की संस्कृति और उस संस्कृति द्वारा जो आविष्कार हुआ, जो चीज़ उसने अपने तथा दूसरों के लिए आविष्कृत की, उसका नाम है - सभ्यता। जिस व्यक्ति की पहली चीज़, जितनी अधिक व जैसी परिष्कृत मात्रा में होगी, वह व्यक्ति उतना ही अधिक व वैसा हो परिष्कृत आविष्कर्ता होगा। एक संस्कृत व्यक्ति किसी नई चीज़ की खोज करता है, किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। यह संस्कृत मानव था। आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से तो परिचित है ही, लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है, जिनमें शायद न्यूटन अपरिचित ही रहा हो। ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सकें, पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते।



Scanned with CamScanner

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्पों का चयन कीजिए:-

(क) गद्यांश के अनुसार सभ्यता क्या है?

(i) संस्कृति का आविष्कार (ii) समाजोपयोगी आविष्कार

(iii) निजी खोज (iv) अन्यों की खोज

(ख) संस्कृत व्यक्ति वह है, जो

(i) नई चीजों की खोज करे (ii) संस्कृत भाषा जानता हो

(iii) आविष्कारों का ज्ञाता हो (iv) नए आविष्कारों का प्रयोग करता हो

(ग) 'अनायास' का तात्पर्य है-

(i) बिना प्रयास के (ii) आराम से (iii) सुविधा से (iv) बिना बुलाए

(घ) लेखक के अनुसार सभ्य कौन है ?

(i) जो रहन-सहन के तौर-तरीके जानते हों (ii) जिसका पहनावा अच्छा हो

(iii) जो नए आविष्कार करता हो (iv) जो आविष्कारों का ज्ञाता हो

(ङ) आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी न्यूटन के बराबर

(i) सभ्य नहीं हो सकते (ii) पढ़े-लिखे नहीं हो सकते

(iii) संस्कृत नहीं हो सकते (iv) वैज्ञानिक नहीं हो सकते

गद्यांश- 2

यदि आप इस गद्यांश का चयन करते है तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखे कि आप **प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश-2** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।

दीघा--बंगाल का सागर-तट। घूमने, समुद्र-स्नान करने और आनंद मनाने के लिए रमणीक स्थान। झाऊ और केतकी के वनों तथा निर्जन सागर-तट की शोभा वाला बंग प्रदेश, दीघा। पश्चिमी बंगाल के मेदिनीपुर का ग्राम दीघा। दीघा से तीन मील और आगे उड़ीसा में चंदनेश्वर का मंदिर है। रास्ता ग्रामीण है - पगडंडी वाला ताड़, नारियल के पेड़ों से भरा हुआ। धान के खेत हैं हरे-भरे, सरसराते हुए। बीच-बीच में पान के भीटे मिलते हैं, जिन्हें उड़ीसा के काले लंबे कृषक सींच रहे थे। केवल एक लँगोटी लगाए वे पुकुर (पुष्कर) में से पानी भर लाते हैं और छाँह में कुम्हलाते हुए पानों की तृष्णा शांत करते हैं। इधर कुएँ नहीं होते। तालों का पानी उपयोग में लाते हैं। गाँवों में घरों के आगे और खेतों के किनारे हैंडपंप मिलते हैं। शायद ये सरकार की ओर से लगवा दिए गए हैं। रास्ते में एक टूटी-फूटी इमारत मिली। वह बच्चों का प्राइमरी स्कूल था। चंदनेश्वर में शिव का मंदिर है।दर्शनार्थी चार-पाँच ही थे, लेकिन पंडे चालीस-पचास रहे होंगे। व्यवहार में पंडे बनारसी थे। इन पंडों के व्यवहार में श्रद्धा कम और दर्शन से अधिक दान प्राप्त करने की चाह थी। मंदिर से दक्षिण की ओर एक सँकरी सड़क चली गई है बीच-बीच में वह पगडंडी बन जाती है। उसी से चलकर सागर-तट पर पहुँचा। यहाँ रतनपुर के इस तट और दीघा के तट में बड़ा अंतर है। वहाँ तो झाऊ और केतकी के वन थे।



Scanned with CamScanner

यहाँ दूर तक फैला हुआ है - बालू का रेगिस्तान । जहाँ तक दृष्टि जाती थी - बालू-ही-बालू। रेत के मैदान भी थे और बड़े-बड़े टीले भी। हवा ने उन पर अपनी मार के निशान छोड़ दिए थे। नीचे रेत तप रही थी और ऊपर चीलें मंडरा रही थीं। उनकी बड़ी-बड़ी काली परछाइयाँ बालू पर भाग रही थीं।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्पों का चयन कीजिए:-

क) दीघा की शोभा किससे है ?

(i) रमणीक तीर्थ स्थान होने से

(ii) आनंद प्राप्ति का स्थल होने से

(iii) लोगों को समुद्र स्नान का आनंद मिलता है

(iv) झाऊ और केतकी के वन एवं निर्जन सागर तट की शोभा है

(ख) दीघा से उड़ीसा के चंदनेश्वर मंदिर तक के रास्ते की क्या विशेषता है ?

(i) रास्ते में बहुत से मंदिर हैं। (ii) उड़ीसा के कृषक हैं

(iii) नारियल के पेड़ों से भरा हुआ रास्ता है। (iv) पानों की तृष्णा है।

(ग) वहाँ टूटी-फूटी इमारत क्या थी ?

(i) किसी के घर की (ii) डाकखाने की

(iii) प्राइमरी स्कूल की (iv) राजभवन की

(घ) रतनपुर के तट और दीघा के तट में बड़ा अंतर है ?

(i) दीघा के तट पर तो झाऊ और केतकी के वन थे।

(ii) रतनपुर के तट पर रेत के मैदान भी थे और बड़े-बड़े टीले भी

(iii) यहाँ दूर तक फैला हुआ है - बालू का रेगिस्तान ।

(iv) उपर्युक्त सभी सही है ।

(ङ) चंदनेश्वर के पंडों का व्यवहार कैसा था ?

(i) ढोंगी और झगड़ालू थे। (ii) धार्मिक भावना अधिक थी।

(iii) बनारस के रहने वाले थे। (iv) श्रद्धा कम, धन प्राप्त करने की चाह अधिक थी।

**2.** नीचे दो गद्यांश दिए गए है। किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: **5x1= 5**

गद्यांश- 1

यदि आप इस गद्यांश का चयन करते है तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप **प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश-1** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।

मादक वस्तु के निरंतर सेवन से शरीर में शिथिलता आना स्वाभाविक है। फलस्वरूप जीवन्तता नष्ट हो आती है और जीवन में हमेशा अतृप्ति-सी बनी रहती है। इन वस्तुओं से एक भी लाभ नहीं है, सभी दुर्गुणों की खान हैं। फिर भी मादक वस्तुओं का प्रचार प्रसार दिन दूनी, रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। गाँवों में भाँग, गाँजा, तम्बाकू, चरस, मदिरा आदि का अधिक प्रचार



Scanned with CamScanner

हो गया है। पहले तो एकाध आदमी ही नशेबाज था, पर आज स्कूल के लड़के से लेकर अस्सी वर्ष के बूढ़े तक एक झूले में झूल रहे हैं। कुछ दिनों पहले एक आदमी जो दूसरे को कोई नशे का सेवन करते देख जल-भुन जाता था, आज यही स्वयं नशे का शिकार बना है। शहरों की अवस्था तो और बदतर होती जा रही है। शराब का प्रचलन सीमा से बाहर जा रहा है। आज इसका पीना-पिलाना प्रतिष्ठा का लक्षण माना जाने लगा है। सभ्य समाज रूपी घर में जाने के लिए यह एक प्रवेश पत्र बन गया है। बिना इसके अंदर जाना असंभव है। इसमें मादकद्रव्यों से कभी-कभी, कुछ परेशानियों में अस्थाई छुटकारा मिलता है पर अंत सदा बुरा होता है। प्रायः यह बात दोहराई जाती है कि मनुष्य अपने दुखों को भुलाने के लिए नशीली चीजों का सेवन करते हैं, पर उन्हें यह बात भी याद रखनी चाहिए कि नशीली चीजें उन्हें सदा-सदा के लिए समाप्त फर देंगी । न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्पों का चयन कीजिए:-

(क) नशीली चीजों के व्यवहार से क्या होता है ?

(i) शरीर में शिथिलता (ii) जीवन में तृप्ति

(iii) जीवन की अतृप्ति (iv) जीवन में मस्ती

(ख) नशीली चीजों का सेवन कौन करते हैं?

(i) गाँवों के लोग (ii) बच्चे से लेकर बूढ़े तक

(iii) सभी लड़के (iv) सभी विद्यार्थी

(ग) 'न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी' का अर्थ है -

(i) किसी बात को पूरी तरह समाप्त कर देना।

(ii) काम न करने का बहाना बनाना।

(iii) जबरदस्ती बाँसुरी बजाना।

(iv) झूठ और सच का निर्णय करना।

(घ) सभ्य समाज रूपी घर में जाने के लिए प्रवेश-पत्र के रूप में क्या आवश्यक माना जाने लगा है ?

(i) पढ़ा-लिखा होना (ii) फैशनपरस्ती

(iii) मादकद्रव्य सेवन (iv)दिखावा और रोबन्दार

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक होगा -

(i) मानव और मादक पदार्थ (ii) छुटकारा पाने का मार्ग

(iii) नशे का शिकार (iv) बास और बाँसुरी

गद्यांश- 2

यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप **प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश-2** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।



Scanned with CamScanner

कूड़ा-करकट और वायु प्रदूषण की समस्या से सारा पश्चिमी समाज भयभीत है और उसे ठीक ढंग से नष्ट करना, वहाँ अब इतना आवश्यक समझा जाने लगा है कि इस बारे में तरह-तरह के शोध किये जा रहे हैं। कूड़े-करकट को अब भी एक अनावश्यक वस्तु माना जा रहा है। इसकी उपयोगिता के बारे में अधिकांश विकसित देशों ने सोचा तक नहीं है। केवल चीन ही एक ऐसा देश है जिसमें ऐसे कई नमूने दुनियाँ के सामने रख दिए हैं जिनसे साबित हो जाता है कि बेकार समझी जानेवाली चीजों के ढेर से अत्यंत उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं। इसीलिए किसी भी चीज को बेकार कहकर उससे छुटकारा पाने की चेष्टा कितनी बड़ी भूल है। चीन ने तो यहाँ तक दिखा दिया है कि ऐसा करके वायु को दूषित होने से बचाया जा सकता है। चीन के निवासियों के व्यवहार में एक बात है - हर चीज का पूर्ण उपयोग होना चाहिए। इसलिए कूड़े-करकट को बड़े ध्यान से एकत्रित किया जाता है। फिर उसका दोबारा इस्तेमाल होता है। एक दृष्टिकोण यह भी है कि कूड़े-करकट का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, इसलिए इसे छुटकारा पा लेना चाहिए। चीनी पत्रिका 'बोजिंग रिव्यू' के अनुसार ऐसा कुछ भी नहीं है, जो पूरी तरह से बेकार हो। किसी उत्पादन का बचा-खुचा बेकार माल किसी अन्य उत्पादन का दिया साधन बन सकता है।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्पों का चयन कीजिए:-

(क) आज पश्चिमी समाज किस चीज से भयभीत है।

(i) नयी दुनिया से (ii) परमाणु युद्ध से

(iii) कूड़े-करकट और वायु प्रदूषण से (iv) विकसित देशों से

(ख) बेकार समझी जाने वाली चीजों के विषय में चीन की क्या राय है ?

(i) उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं।

(ii) बेकार कहकर उससे छुटकारा पाना उचित है।

(iii) वायु को दूषित कर देना उचित है।

(iv) किसी चीज का उपयोग नहीं

(ग) 'बोजिंग रिव्यू' का विचार क्या है ?

(i) हर चीज उपयोगी नहीं।

(ii) कोई भी चीज उपयोगी हो सकता है।

(iii) कूड़े-करकट के इस्तेमाल से छुटकारा पाना चाहिए।

(iv) सब चीजें बेकार।

(घ) इस गद्यांश का शीर्षक होगा -

(i) अत्यंत उपयोगी चीजें (ii) बेकार कुछ भी नहीं

(iii) उत्पादन का साधन (iv) चीन एवं भारत

(ड) पश्चिमी समाज से क्या तात्पर्य है?

(i) पिछड़ा हुआ समाज (ii) पश्चिम में रहने वाले भारतीय

(iii) यूरोप, अमेरिका के देशवासी (iv) पर्यावरण समस्या से भयभीत समाज



Scanned with CamScanner

## व्यावहारिक व्याकरण

3. निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए- 4x1= 4

(क) घंटी बजते ही चोर भाग गया। रेखांकित में पद है-

(i) विशेषण पद (ii) क्रिया पद

(iii) संज्ञा पद (iv) सर्वनाम पद

(ख) हममें कुछ उत्साही युवा खिलाड़ी भी थे। वाक्य में रेखांकित पदबंध है-

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रिया पदबंध

(iii) संज्ञा पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

(ग) दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले सभी घर चले गए। वाक्य में रेखांकित पदबंध है-

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रिया पदबंध

(iii) संज्ञा पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

(घ) सुधीर बहुत तेज़ चलता है। वाक्य में **क्रिया विशेषण पदबंध** है -

(i) बहुत तेज़ (ii) तेज़ चलता है

(iii) सुधीर बहुत तेज़ (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ड) जब दो या अधिक पद नियत क्रम और निश्चित अर्थ में किसी पद का कार्य करते हैं तो उन्हें ------------ कहते हैं।

(i) शब्द भंडार (ii) वाक्य

(iii) पदबंध (iv) पद परिवर्तन

4. निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए- 4x1= 4

(क) उस घर के कोने में बैठा हुआ आदमी अपराधी है।- का मिश्र वाक्य बनेगा-

(i) उस घर के कोने में आदमी बैठा है, वह अपराधी है।

(ii) जो आदमी उस घर के कोने में बैठा है वह अपराधी है।

(iii) वह अपराधी है इसलिए उस घर के कोने में आदमी बैठा है।

(iv) उस घर के कोने में बैठने से वह आदमी अपराधी है।

(ख) हम घर में जिस भाषा का प्रयोग करते हैं उसे 'मातृभाषा' कहते हैं। रचना की दृष्टि से है -

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य (iv) सामानय वाक्य

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से **सरल वाक्य** चुनिए।

(i) जहाँ तक दृष्टि जाती है, वहाँ अँधेरा ही अँधेरा है।

(ii) विद्यार्थी परिश्रमी होता है तो अवश्य सफल होता है।

(iii) वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गया।



Scanned with CamScanner

(iv) भारत एक शांतिप्रिय देश है जिसका सब सम्मान करते हैं।

(घ) मैं पुस्तकालय गया। पुस्तकें लेकर आ गया। इनका **संयुक्त वाक्य** बनेगा -

(i) मैं पुस्तकालय जाकर पुस्तकें लेकर आ गया।

(ii) मैं पुस्तकालय गया और पुस्तकें लेकर आ गया।

(iii) मेरे पुस्तकालय जाने के कारण पुस्तकें लेकर आना पड़ा।

(iv) मैं पुस्तकें लेने के लिए पुस्तकालय गया।

(ङ.) निम्नलिखित वाक्यों में से **मिश्र वाक्य** चुनिए।

(i) किसान के बैल खूंटे से खुल गए और खेत में चरने लगे ।

(ii) भोजन आज मुझे निःस्वाद लग रहा था।

(iii) जहाँ कभी बंजर था, वहाँ अब सुंदर उपवन है।

(iv) नीली कमीज़ वाला बालक खेल रहा है।

5. निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए- 4x1= 4

(क) "महाजन" समस्त पद का सही विग्रह चुनिए।

(i) महान और जन (ii) महान है जो जन

(iii) जनों में महान (iv) जनों का महान

(ख) "त्रिफला"-शब्द में कौन-सा समास है-

(i) तत्पुरुष समास (ii) कर्मधारय समास

(iii) द्वंदव समास (iv) द्विगु समास

(ग) घन के समान श्याम है जो - इसका समस्त पद बनेगा

(i) घनश्याम (ii) श्यामघन

(iii) घन-श्याम (iv) उपरोक्य में से कोई नहीं

(घ) "लोकप्रिय" समस्त पद का सही विग्रह चुनिए।

(i) लोगों के लिए प्रिय (ii) लोक के प्रिय

(iii) लोक में प्रिय (iv) लोक प्रिय है जो

(ङ.) -------------- के दोनों पद प्रधान होते हैं।

(i) अव्ययीभाव समास (ii) कर्मधारय समास

(iii) द्वंदव समास (iv) बहुव्रीहि समास

6. निम्नलिखित चारों भागों के उत्तर दीजिए- 4x1=4

(क) खरी खोटी सुनाना- मुहावरों का सही अर्थ विकल्पों से चुनिए।

(i) सच्ची बात कहना (ii) ऊँच-नीच बताना



Scanned with CamScanner

(iii) भला-बुरा कहना (iv) अच्छी सीख देना

(ख) कठिनाई के समय मदद न करके देव ने अपना........................ दिया। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए।

(i) आँखें खुल जाना (ii) ज़मीन पर पाँव न रखना

(iii) रंग दिखाना (iv) चक्कर खाना

(ग) अभी तो तुम खेल में समय बर्बाद कर रहे हो जब परीक्षा आएगी तो........................। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए।

(i) खून जलाना (ii) ठंडा पड़ना

(iii) आटे-दाल का भाव मालूम होना (iv) हँसी-खेल होना

(घ) देशभक्तों ने प्राणों को ........................ देश को स्वतंत्र कराया। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए।

(i) घुड़कियाँ खाना (ii) साये से भागना

(iii) हथेली में रखकर (iv) बलिदान देना

(पाठ्य पुस्तक)

7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए - 4x1=4

हरी आप हरो जन री भीर ।
द्रौपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।
भगत कारण रूप नरहरि, धरयो आप सरीर ।
बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी पीर।

(क) 'हरि आप हरो जन री भीर' में 'भीर' का अर्थ है -

(i) भीड़भाड़ (ii) कष्ट (iii) भारीपन (iv) गरीबी

(ख) श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लाज कैसे रखी ?

(i) दु:शासन का वध करके (ii) नई साड़ी देकर

(iii) चीर बढ़ाकर (iv) सभा भंग करके

(ग) पद में कौन-सा भाव प्रमुख है

(i) दास्य भाव (ii) सखा भाव (iii) मैत्री भाव (iv) पति भाव

(घ) 'बूड़तो गजराज' का आशय है

(i) डूबता हाथी (ii) बूढ़ा हाथी (iii)विनम्र हाथी (iv) फिसलता हाथी

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन



Scanned with CamScanner

कीजिए – 5x1=5

वामीरो घर पहुँचकर भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी। उसके भीतर ततॉरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी। एक झल्लाहट में उसने दरवाजा बंद किया और मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया। बार-बार ततॉरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता। उसने ततॉरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं। उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था, किन्तु यही ततॉरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया। सुन्दर, बलिष्ठ किन्तु बेहद शांत, सभ्य और भोला। उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन साथी के बारे में सोचती रहती थी, किन्तु एक दूसरे गॉव के युवक के साथ वह सम्बन्ध परंपरा के विरुद्ध था। अतएव उसने उसे भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा, किन्तु यह असंभव जान पड़ा। ततॉरा बार-बार उसकी आँखों के सामने था। निर्निमेष याचक की तरह प्रतीक्षा में डूबा हुआ।

(क) घर पहुँचकर वामीरो को क्या हुआ ?

(i) दुःख उसे सताने लगा

(ii) बार-बार ततॉरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता।

(iii) वह भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी।

(iv) वह वामीरो के बारे में सोचती रहती थी।

(ख) ततॉरा के प्रभाव से मुक्त होने के लिए वामीरो ने क्या किया ?

(i) एक झल्लाहट में उसने दरवाजा बंद किया

(ii) मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया

(iii) ततॉरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं।

(iv) उपरोक्त सब सही है

(ग) वामीरो को क्या असंभव जान पड़ा ?

(i) ततॉरा के गॉव जाना (ii) ततॉरा से शादी करना

(iii) ततॉरा को जीवन साथी मानना (iv) ततॉरा को भूल जाना

(घ) ततॉरा और वामीरो के गॉव की क्या रीति थी ?

(i) एक गॉव वाले दूसरे गॉव न जाना

(ii) सारे गॉव वालों को मिलकर रहना

(iii) हर गॉव में त्योहार मनाना

(iv) उपरोक्त सभी गलत है।

(ङ.) वामीरो ने ततॉरा को भूल जाना ही श्रेयस्कर क्यों समझा ?

(i) क्योंकि ततॉरा बार-बार उसकी आँखों के सामने था।

(ii) एक दूसरे गॉव के युवक के साथ वैवाहिक सम्बन्ध परंपरा के विरुद्ध था।

(iii) उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन साथी के बारे में सोचती रहती थी।



Scanned with CamScanner

(iv) वह एक अद्भुत साहसी युवक था।

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए – 5x1=5

बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है। बारूदों की विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया। अब गरमी में ज्यादा गरमी, बेवक्त की बरसातें, ज़लज़ले, सैलाब, तूफ़ान, और नित नए रोग, मानव और प्रकृति के इसी असंतुलन के परिणाम हैं। नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है। नेचर के गुस्से का एक नमूना कुछ साल पहले बंबई (मुंबई) में देखने को मिला था और यह नमूना इतना डरावना था कि बंबई निवासी डरकर अपने-अपने पूजा-स्थल में अपने खुदाओं से प्रार्थना करने लगे थे।

(क) इस गदयांश के लेखक का नाम चुनिए।

(i) निदा फाज़ली (ii) प्रेमचंद

(iii) मैथिलीशरण गुप्त (iv) गुरुदयाल सिंह

(ख) बढ़ती आबादी का प्राकृतिक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(i) बढ़ती आबादी ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है,

(ii) बढ़ती आबादी ने पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है

(iii) उपरोक्त दोनों सही है (iv) उपरोक्त दोनों गलत है

(ग) किसने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया?

(i) लेखक की माँ ने (ii) लेखक की पत्नी ने

(iii) प्रदूषण ने (iv) लेखक ने

(घ) अब गरमी में ज्यादा गरमी, बेवक्त की बरसातें, ज़लज़ले, सैलाब आदि क्यों हो रहे हैं?

(i) बढ़ती आबादी के कारण

(ii) मानव और प्रकृति के असंतुलन के कारण

(iii) फैलते हुए प्रदूषण के कारण

(iv) पेड़ों को रास्तों से हटाने के कारण

(ड) बंबई निवासी अपने-अपने पूजा-स्थल में अपने खुदाओं से प्रार्थना क्यों करने लगे थे?

(i) वे सब विभिन्न धर्मवाले थे

(ii) मानव और प्रकृति के असंतुलन के कारण

(iii) बारूदों की विनाशलीलाओं से डरे थे

(iv) इनमें से कोई नहीं

**खंड - ब ( वर्णनात्मक प्रश्न)**

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। 2x2=4



Scanned with CamScanner

(क) बड़ा भाई छोटे भाई पर शासन करने के लिए कौन-कौन सा उपाय करता है ?

(ख) जापान के लोग अधिकतर किस रोग से ग्रस्त हैं ? क्यों ?

(ग) कबीर ने भक्ति मार्ग में किन-किन चीजों का विरोध किया है ?

11. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 60 -70 शब्दों में लिखिए: 4

'वज़ीर अली की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए। 2x3=6

(क) हरिहर काका जीवन के शेष दिन किस अवस्था में काट रहे हैं ?

(ख) उन दिनों स्कूली शिक्षा के बारे में माता पिता की आम धारणा क्या थी? सपनों के से दिन पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) टोपी ने कब, कौन-सी कसम खाई? इसका क्या कारण था?

<u>(लेखन)</u>

13. निम्नलिखित में से **किसी एक विषय** पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 - 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: 1x6=6

(क) प्रगति है देश की तभी, जब साक्षर होंगे हम सभी

- साक्षरता का अभिप्राय
- साक्षरता एक वरदान
- साक्षरता अभियान

(ख) प्राकृतिक संसाधनों का दुरूपयोग

- प्राकृतिक संसाधन
- प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग
- समाधान

(ग) भ्रष्टाचार - कारण और निवारण

- प्रजातंत्र का ढाँचा खोखला
- प्रत्येक स्तर का पतन
- नैतिक क्रांति आवश्यक

14. अपने क्षेत्र में रिक्त पड़ी अनुपजाऊ भूमि पर वृक्षारोपण के लिए सुझाव देते हुए वन-विभाग के निदेशक को पत्र लिखिए। 1x5=5

अथवा

हाईटेक बस सेवा के नाम पर हजारों पेड़ों की कटाई पर चिंता प्रकट करते हुए संपादक नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली के नाम पत्र लिखिए।



Scanned with CamScanner

15. स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोरोना वायरस होने के लक्षणों, परिणामों एवं उपायों के बारे में जागरूक करते हुए 40-50 शब्दों में एक **सूचना** लिखिए। 1x5=5

**अथवा**

सोसाइटी के बगीचे को साफ़-सुथरा रखने हेतु सचिव की ओर से 40-50 शब्दों में एक **सूचना** तैयार कीजिए।

16. सौंदर्य बढ़ाने एवं चेहरे की त्वचा को निखारने वाली किसी क्रीम का **विज्ञापन** 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। 1x5=5

**अथवा**

'रेसिंग साइकिल' के लिए 25-50 शब्दों में एक आकर्षक **विज्ञापन** तैयार कीजिए।

17. "सलाह लें पर संभल कर..." विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। 1x5=5

**अथवा**

"मैं सबसे तेज दौड़ना चाहती हूँ" विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए।



Scanned with CamScanner